-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन बांदा में यातायात जागरुकता माह नवम्बर का किया गया समापन। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जागरुकता माह के दौरान जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सर्वाधिक चालान करने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित।**
- **यातायात जागरुकता के संबंध में विभिन्न विद्यालयों द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों, वाद-विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता आदि के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत।**
- **यातायात माह के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 17448 वाहनों का चालान करते हुए 2.02 करोड़ रुपये का किया गया जुर्माना साथ ही 28 वाहनों को किया गया सीज।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में यातायात जागरुकता माह चलाया गया जिसके अन्तर्गत लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया गया जिससे कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। आज दिनांक 30.11.2024 को पुलिस लाइन बांदा में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जागरुकता माह के समापन की घोषणा की गई। समापन समारोह में यातायात नियमों के जागरुकता अभियान के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा सर्वाधिक चालान करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। **यातायात निरीक्षक श्री राजेश चन्द्र मिश्रा द्वारा सर्वाधिक 2193 वाहनों के चालान किए जबकि उपनिरीक्षक यातायात श्री इन्द्रबली द्वारा 989 वाहनों के चालान, चौकी प्रभारी अलीगंज श्री राकेश कुमार द्विवेदी द्वारा 779 वाहनों के चालान, चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा 586 वाहनों के चालान, उपनिरीक्षक यातायात श्री निहाल सिंह सेंगर द्वारा 550 वाहनों चौकी प्रभारी बेंदाघाट श्री तुषार श्रीवास्तव द्वारा 405 वाहनों के चालान के चालान किये गये। यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षियों में हे0कां0 बलबीर सिंह ने सर्वाधिक 1450 वाहनों के चालान व हे0कां0 मुलायम सिंह द्वारा 1370, हे0कां0 शंकरलाल द्वारा1050 व हे0कां0 ओमप्रकाश द्वारा 686 वाहनों के चालान** किये गये। इस दौरान विभिन्न स्कूलों/विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता आदि के माध्यम से कराये गये जागरुकता कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। यातायात माह नवम्बर में पुलिस, परिवहन विभाग व मण्डलीय सड़क सुरक्षा मास्टर ट्रेनर डॉ0 पीयूष मिश्रा द्वारा 25 से भी अधिक स्कूलों/कॉलेजों में जाकर लगभग 8500 छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। यातायात माह के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले लोगों पर कार्यवाही करते हुए **पुलिस द्वारा 17448 वाहनों का चालान करते हुए कुल 02 करोड़ 02 लाख 81 हजार 400 रुपये का जुर्माना किया गया जिसमें सर्वाधिक बिना हेलमेट के 14294 वाहन, बिना सीटबेल्ट के 331 वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 533 वाहन, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 58 वाहन, तीन सवारी के 1092 वाहन, नो-पार्किंग/गलत स्थान पर पार्किंग के 1319 वाहन, गलत नम्बर प्लेट के 145 शामिल हैं। इस दौरान बिना वैध परिपत्र के पाये जाने वाले 28 वाहनों को सीज** भी किया गया। समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अरुण कुमार पाठक, यात्री कर अधिकारी श्री रामसुमेर यादव तथा मण्डलीय सड़क सुरक्षा मास्टर ट्रेनर डॉ0 पीयूष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।